北京大学东方语言文学系教材

印地语
基础教程
II

हिन्दी पाठ्यपुस्तक

金鼎汉　张双鼓 编著


北京大学出版社

印地语基础教程

हिन्दी पाठ्यपुस्तक

第二册

金鼎汉 张双鼓编著



विषय-सूची

पहला पाठ

पाठ	रवीन्द्रनाथ ठाकुर
बातचीत	नये छात्र से मिलना
व्याकरण	१. 动词过去时
	२. 后置词पर

पाठ

रवीन्द्रनाथ ठाकुर

रवीन्द्रनाथ ठाकुर विश्व के एक महान कवि और विचारक थे। बचपन में उन के घर का वातावरण बहुत अच्छा था। वहां दिन-रात साहित्य, कला और धर्म की चर्चा होती थी। इसलिए उन्होंने छोटी आयु में ही कविता लिखना शुरू किया। ग्यारह वर्ष की उमर में उन्होंने शेक्सपियर के एक नाटक का बंगला में अनुवाद किया।

सत्रह वर्ष की आयु में वे विदेश गए। वहां से लौटने पर उन्होंने साहित्य का कार्य शुरू किया। उन्होंने कविता, कहानी, उपन्यास, नाटक आदि सभी कुछ लिखे, और साहित्य की खूब श्रीवृद्धि की।

सन् १९०१ में उन्होंने शांतिनिकेतन नामक एक विद्यालय स्थापित किया। इस विद्यालय में जाति-पांति का कोई भेदभाव नहीं था। खुली जगह में पेड़ों के नीचे कक्षाएं लगती थीं। अध्यापक विद्यार्थियों

में विश्वप्रेम की भावनाएं भरते थे ।

सन् १६१२ में वे दूसरी बार विदेश गए । उनकी 'गीतांजलि' नामक कविता संग्रह का अंग्रेजी अनुवाद प्रकाशित हुआ । इस पर उन्हें १६१३ में नोबेल पुरस्कार मिला । उन्होंने अमरीका, फ्रांस, चेकोस्लोवाकिया, चीन, जापान आदि अनेक देशों की यात्रा की। हर जगह उनका अभूतपूर्व स्वागत हुआ ।

उनकी प्रतिभा अभूतपूर्व थी । वे स्वयं अपने नाटकों के कुछ पात्रों का अभिनय करते थे । वे अपने गीतों को एक विशेष शैली में गाते थे । अधेड़ उमर में उनका झुकाव चित्रकला की ओर हुआ। शीघ्र ही उन्होंने उसमें भी अपनी विलक्षण प्रतिभा दिखलाई । कला-पारखियों ने उनके चित्रों को खूब सराहा ।

रवीन्द्रनाथ ठाकुर केवल कवि और कलाकार ही नहीं, बल्कि एक महान देशभक्त भी थे । जब अंग्रेजोंने निहत्थे भारतीयों पर गोली चलाई, तो उन्होंने अपनी 'सर' की उपाधि अंग्रेजों को लौटा दी । भारत का राष्ट्र-गान उन्हीं की रचना है ।

बातचीत

नये छात्र से मिलना

क : क्षमा कीजिये, क्या आप हिन्दी के छात्र हैं ?

ख : जी हां, मैं आप की क्या सेवा कर सकता हूं ?

क : मैं हिन्दी पढ़ने के लिये अभी आया ।

ख : अच्छा, आप का स्वागत । आप कब आये ?

क : मैं कल शाम को यहां आया ।

ख : आप कहां से आये ?

क : मैं शीआन से आया ।

ख : क्या आप रेलगाड़ी से यहां आये ?

क : जी हां, मैं रेलगाड़ी से पेइचिंग पहुंचा ।

ख : क्या आप स्टेशन की बस से सीधे यहां आये ।

क : जी नहीं, मैं स्टेशन के आसपास कुछ देर घूमा, फिर मैं स्टेशन की बस से आया ।

ख : क्या आप ने दोपहर का भोजन अच्छी तरह किया ?

क : जी हां, मैं ने ठीक से भोजन किया ।

ख : अच्छा, आप आराम कीजिये ।

क : धन्यवाद !

ख : अच्छा, फिर मिलेंगे ।

शब्दावली

(क)

रवीन्द्रनाथ ठाकुर (人名) 罗宾德罗纳特·泰戈尔	चर्चा (阴)谈论
	की-- होना (不及)谈论
कवि (阳)诗人	आयु (阴)年龄
विचारक (阳)思想家	कविता (阴)诗、诗篇
बचपन (阳)童年	शुरू करना (及)开始
वातावरण (阳)气氛，环境	वर्ष (阳)年
धर्म (阳)宗教	उमर (阴)年龄

शेक्सपियर （人名）莎士比亚

बंगला （阴）孟加拉语

सत्रह （数）十七

विदेश （阳）外国，外地

लौटना （不及）返回

मग्न （形）沉醉于…的

में --रहना （不及）沉醉于

श्रीवृद्धि （阴）提高，发展

की --करना （及）提高，发展

शांतिनिकेतन（阳）和平村，寂园

नामक （形）被称为…的

सन् （阳）公元纪年

विद्यालय （阳）学校，学院

स्थापित （形）建立起来的

को --करना （及）建立

जाति-पांति （阳）种姓

भेदभाव （阳）差别，歧视

खुली जगह（阴）空地

विश्वप्रेम （阳）人类之爱，博爱

भावना （阴）情感，精神

बार （阴）次数

बारह （数）十二

भरना （及）灌输

गीतांजलि（阴）吉檀迦利（献歌）

संग्रह （阳）集子

प्रकाशित （形）发表了的，出版了的

-- होना （不及）出版

नोबेल पुरस्कार（阳）诺贝尔奖

जर्मनी （阳）德国

चेकोस्लोवाकिया （阳）捷克斯洛伐克

हर कहीं （副）处处，到处

प्रतिभा （阴）天才，才能

अभूतपूर्व （形）空前的，非凡的

पात्र （阳）人物，角色

अभिनय （阳）扮演

का-- करना （及）扮演

गीत （阳）歌曲

विशेष （形）特别的

शैली （阴）风格，方式

अधेड़ （形）中年的

झुकाव （阳）倾向，趋向

की ओर-- होना （不及）倾向，趋向

चित्रकला (阳)绘画，美术
शीघ्र (副)马上，很快地
विलक्षण (形)特别的，不平凡的
दिखलाना (及)显示，表现
पारखी (阳)技师，行家
केवल (副)只，仅仅
सराहना (及)赞扬
देशभक्त (阳)爱国者
निहत्था (形)手无寸铁，空手的
गोली (阴)子弹
 पर--चलाना (及)向…开枪
उपाधि (阴)称号，头衔
सर (阳)爵士
लौटा देना (及)归还，退还
राष्ट्र-गान (阳)国歌
रचना (阴)著作

(ख)

क्षमा (阴)原谅，宽恕
 को--करना (及)原谅，宽恕
स्वागत (阳)欢迎
 का--करना (及)欢迎
शीआन (地名)西安
पहुंचना (不及)到达
स्टेशन (阳)车站
देर (阴)迟延，耽误
सीधे (副)直接地
के आसपास (后)在…附近
मिलना (不及)见面，相见

टिप्पणियां

१. वहां दिन-रात साहित्य, कला और धर्म की चर्चा होती थी।

在那里，经常日夜谈论文学、艺术和宗教。

句中的“होना”是不及物动词，其用法较广，主要用法有以下几种：

1）表示有；是；存在

मेज़ पर एक किताब है। 桌上有一本书。

में एक विद्यार्थी हूं ।　　我是一个学生。

सुरेश और राम छात्रावास में हैं । 苏雷希和拉姆在宿舍里。

2 ）表示发生；出现；进行

धर्म की चर्चा होती थी ।　过去经常谈论宗教。

काम हो रहा है ।　　工作正在进行。

हर जगह उन का अभूतपूर्व स्वागत हुआ ।

每到一处，他都受到了热烈的欢迎。

उस क्लास में पन्द्रह विद्यार्थी हो गये ।

那个班已经有了15名学生。

3 ）होना 与 करना 的区别

होना 与一些名词、形容词和数词搭配可以构成动词，这类动词均为不及物动词，这样的句子只是叙述某件事情的发生，请参看 2 ）的例句。

करना 与一些名词和形容词等搭配构成动词，这类动词均为及物动词。如：

ग्यारह वर्ष की उमर में उन्होंने शेक्सपियर के एक नाटक का बंगला में अनुवाद किया ।

他十一岁时，就把莎士比亚的一个剧本译成了孟加拉语。

थोड़ी देर आराम कीजिये ।　　请休息一会儿。

२. भारत का राष्ट्र-गान उन्हीं की रचना है ।

印度的国歌就是他创作的。

उन्हीं 是由 उन + ही 变成的。语气词 ही 在印地语中使用较广泛，可以用于各种不同的词类和短语的后面，强调其前面的那个词或短语。例如：

मैं ही आज घर जाऊंगा । 我今天回家去。

मैं आज ही घर जाऊंगा । 今天我回家去。

मैं आज घर ही जाऊंगा । 我今天回家去。

मैं आज घर जाऊंगा ही । 我今天回家去。

语气词ही 加在一些代词和副词之后，其形式有所变化。例如：

1) 代词

यह	+	ही = यही	वह	+	ही = वही
इस	+	ही = इसी	उस	+	ही = उसी
इन	+	ही = इन्हीं	उन	+	ही = उन्हीं
हम	+	ही = हमीं	तुम	+	ही = तुम्हीं
मुझ	+	ही = मुझी	तुझ	+	ही = तुझी

2) 副词

अब	+	ही = अभी	कब	+	ही = कभी
कहां	+	ही = कहीं	यहां	+	ही = यहीं
जहां	+	ही = जहीं	वहां	+	ही = वहीं
तब	+	ही = तभी			

४. आप का स्वागत

此句为省略句，全句应为मैं आप का स्वागत करता हूं । 省略句在口语中较常见。

व्याकरण

1. 一般过去时：

一般过去时表示某个时间内发生的动作或状态。

सब छात्राएं आयीं । 女生们都来了。

मैं ने प्रसाद जी को एक पत्र लिखा ।

我给普拉萨德先生写了一封信。

2. 一般过去时的构成形式：

1）一般过去时的构成形式为：

①动词根以元音结尾的，阳性单数直接加या；阳性复数加ये；阴性单数加यी；阴性复数加यीं。

②动词根以辅音结尾的，阳性单数直接在辅音后加आ的符号；阳性复数加ए的符号；阴性单数加ई的符号；阴性复数加ईं的符号。

以 आना和लिखना为例，列表如下：

单数		复数	
阳性	阴性	阳性	阴性
आया	आयी	आये	आयीं
लिखा	लिखी	लिखे	लिखीं

2）不及物动词的过去时，在句中要与主语的性、数一致。例如：

वे लोग बाज़ार गये ।　　他们都到市场上去了。

छात्राएं कक्षा में कब गईं ? 女生们是什么时候去教室了？

मैं अभी आया ।　　我刚刚来。

3）及物动词的性、数要与宾语一致。如果宾语加 को，动词则按阳性单数变化。及物动词的过去时，要求主语加 ने。名词后加ने，其变化与名词带后的形式相同。例如：

कल उस लड़के ने एक कलम खरीदी ।

昨天那个男孩买了一支钢笔。

माता जी ने एक पत्र भेजा ।

妈妈寄出了一封信。

क्या आप ने साइकिल को ठीक किया ?

您把自行车修理好了吗？

लड़कियों ने यह कहानी अभी तक नहीं पढ़ी ।

女生们至今还没有读过这篇小说。

अध्यापकों ने हमारी बड़ी मदद की ।

老师给了我们很大的帮助。

4 ）代词 मैं, तू, तुम, आप, हम 后加 ने，其形式不变，但是有些代词加 ने 后，其形式要变化，请看下表：

单　　　数	复　　　数
यह ... इसने	ये ... इन्होंने
वह ... उसने	वे ... उन्होंने
कौन ... किसने	कौन ... किन्होंने
कोई ... किसीने	कोई ... किन्हीने

5 ）动词过去时的变化，一般都是有规则的，但是也有少数动词是不规则的，这些动词是 करना, जाना, देना, पीना, लेना, होना。

现将这些不规则动词的变化，列表如下：

动　词	单	数	复	数
	阳 性	阴 性	阳 性	阴 性
करना	किया	की	किये	कीं
जाना	गया	गयी	गये	गयीं
देना	दिया	दी	दिये	दीं
पीना	पिया	पी	पिये	पीं
लेना	लिया	ली	लिये	लीं
होना	हुआ	हुई	हुए	हुईं

3. 后置词 पर 的用法:

后置词 पर 用法较广，常见的有以下几种:

1）在……上

उस की किताब मेज़ पर है। 他的书在桌子上。

सुरेश, कुर्सी पर क्या है? 苏雷希，椅子上是什么东西？

2）在……里面

चाची जी, रवि घर पर हैं? 大婶，拉维在家吗？

3）表示确定的时间

मैं ठीक समय पर आ गया। 我准时来了。

हर घंटे पर दवा खाओ। 每小时吃一次药。

4）表示地点的靠近

मेरा घर सड़क पर है। 我家靠近马路。

वह खिड़की पर बैठ गया। 他挨着窗口坐了下来。

5）用于不定式后面有 के बाद 的意思

वहां से लौटने पर उन्होंने साहित्य का कार्य शुरू किया।

从那里回来后，他就开始了文学创作事业。

अभ्यास

1. 读音练习：

इ --- विश्व कवि विचारक कविता विदेश विद्यालय विश्वप्रेम प्रतिभा विशेष चित्रकला विलक्षण दिखलाना निहत्था उपाधि संस्कृति शेक्सपियर प्रकाशित गीतांजलि

उ --- ठाकुर आयु उमर उपन्यास खुली झुकाव उपाधि

र --- रवीन्द्रनाथ विचारक धर्म चर्चा वर्ष उमर सत्रह श्रीवृद्धि विश्वप्रेम संग्रह प्रकाशित पुरस्कार जर्मनी प्रतिभा पात्र चित्रकला पारसी सर रचना वातावरण

2. 用动词过去时填空：

१) इस बार मुझे पुरस्कार ____। (मिलना)

२) उन्होंने एक अच्छी कविता____। (लिखना)

३) हम ने बहुत मेहनत____। (करना)

४) वे लोग शहर ____। (जाना)

५) क्या तुम ने काफ़ी खाना____। (खाना)

६) उस की पढ़ाई पहले से अच्छी____। (होना)

७) मैं ने बीस रुपये में कमीज़____। (खरीदना)

८) राम ने हमें एक पाठ____। (पढ़ाना)

3. 将下列词组译成印地语：

1）伟大的诗人和思想家，

2）谈论文学和艺术，

3）翻译小说

4）发展印地语

5）没有种姓差别

6）获得诺贝尔奖

7）表扬好学生

8）原谅别人

9）欢迎朋友

10）还书

4. 改错：

१) उस ने अपनी टार्च मुझे दिया ।

२) विद्यार्थियों ने कसरत कीं ।

३) मज़दूर कई अच्छी किताबें छापीं ।

४) छात्र और छात्रा पुस्तकालय में गया ।

५) आज दोपहर को उस लोगों ने फुटबाल खेले ।

६) मामी दर्शनशास्त्र पढ़ी ।

5. 将下列的句子变为否定句和疑问句：

१) मैं ने सबेरे का अख़बार अभी देखा ।

२) मोहन（莫汉）ने उस का पत्र पढ़ा ।

३) माता जी ने बच्चों को कुछ रुपये दिये ।

४) कामरेड ली ने एक भारतीय दोस्त को दस रंगीन तस्वीरें भेजीं।

6. 印译汉:

१) उस छात्र ने परीक्षा (考试) के लिये बहुत मेहनत की ।

२) मैं ने कपड़े धोये ।

३) वह आदमी अच्छा हो गया ।

४) कल छोटी बहन ने प्रेमचन्द का उपन्यास (गोदान) पढ़ा ।

५) उन्होंने मुझे क्षमा की ?

६) गोपाल (戈巴尔) तुम कब घर आये ?

७) रमेश जी, आप कितने बजे घर गये ?

८) मीरा (米拉) जी आज सुबह बाजार से मिठाई लायीं ।

7. 将下列句子的时态变为过去时:

१) विद्यार्थी क्लासरूम में लिख रहे हैं ।

२) ये लड़के दौड़ते हैं ।

३) मोहन चाय पी रहा है ।

४) रवि नहा रहा है ।

५) मामा जी और मामी जी यहां खाना खाएंगे ।

६) शर्मा (夏尔马) जी दुकान बन्द कर रहा है ।

७) शीला (希拉) उस आदमी से सवाल पूछना चाहती है ।

८) सीता कपड़े धोती है ।

९) ड्राइवर गाड़ी चलाएगा ।

8. 汉译印:

1 ）泰戈尔先生从小就开始写诗。

2 ）张老师不仅教印地语，而且还教印度文学。

3 ）1 9 0 1 年他创建了国际大学。

4 ）您都去过哪些国家？

5 ）她多次在剧中扮演角色。

6 ）人们对德巴斯（डवास）的印地语大加称赞。

7 ）我学习的时候，希拉来了。

8 ）您是什么时候从印度来的？

9 ）我们是昨天乘火车来到北京的。

1 0 ）请把《戈丹》还给我，我想看。

1 1 ）我们刚才在未名湖（ बेनाम ）附近的山上读印地语。

9. 填空：

आज____डाकघर गया और मैं ने एक भारतीय दोस्त ____पत्र भेजा ।____समुद्री डाक से पत्र भेजना चाहता था । लेकिन डाकबाबू____मुझे बताया कि हवाई डाक____पत्र जल्दी पहुंच सकेगा । फिर____हवाई डाक____पत्र भेजा । लिफ़ाफ़े____ठीक से नाम-पता लिखा ।____हवाई पत्र ____लेटर-बक्स____नहीं छोड़ा ।____इस____सीधे डाकबाबू____दिया ।

1 0. 回答问题：

१) रवीन्द्रनाथ ठाकुर कौन थे ?

२) बचपन में रवीन्द्रनाथ ठाकुर के घर का वातावरण कैसा था, और वहां किन-किन विषयों पर चर्चा होती थी?

३) पहली बार वे कब विदेश गये ?

४) उन्होंने क्या-क्या लिखा ?

५) शान्तिनिकेतन में विद्यालय कब स्थापित हुआ ?

६) विद्यालय में कक्षाएं कहां लगती थीं ?

७) उन्हें किस रचना पर और कब नोबेल पुरस्कार मिला ?

८) अधेड़ उमर में उन का झुकाव किस ओर हो गया ?

९) किस ने निहत्थे भारतीयों पर गोली चलायी ?

१०) रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने क्या चीज और किसे लौटा दी ?

11. 分析下列句子:

१) बचपन में उन के घर का वातावरण बहुत अच्छा था ।

२) सन् १९०१ में उन्होंने शांतिनिकेतन नामक एक विद्यालय स्थापित किया ।

३) वे स्वयं अपने नाटकों के कुछ पात्रों का अभिनय करते थे ।

४) जब अंग्रेजों ने निहत्थे भारतीयों पर गोली चलायी, तो उन्होंने अपनी 'सर' की उपाधि अंग्रेजों को लौटा दी ।

५) भारत का राष्ट्र-गान उन्हीं की रचना है ।

12. 书法练习,抄写课文 उन की प्रतिभा अभूतपूर्व थी । ...

... भारत का राष्ट्र-गान उन्हीं की रचना है ।

13. 背诵全课文

14. 阅读练习:

मैं अपने घर वापस गया

आज मुझे बड़ी बहन की चिट्ठी मिली । उन्होंने लिखा कि मां बहुत बीमार है । मैं ने पत्र पढ़ा और सोचा कि मां को देखने केलिये घर जाऊंगा । मैं ने अपने नौकर आनंद

को टिकट खरीदने के लिये स्टेशनभेजा तथा स्वयं सामान बांधा । दो घंटे के बाद आनंद टिकट ले आया । मैं बस से स्टेशन पहुंचा । मैं ने एक कुली को बुलाया । कुली मेरे पास आया और उस ने मुझ से पूछा, आप किस गाड़ी से जाएंगे ? मैं ने कहा कि मैं अपर इन्डिया से जाऊंगा । कुली ने सामान उठाया । मैं ने उस से पूछा, तुम कितने पैसे लोगे ? कुली ने कहा, बाबू जी, अपनी मर्जी से दीजिये । मैं ज्यादा नहीं मांगूंगा । प्लेटफार्म पर बहुत भीड़ थी । लोग गाड़ी का इन्तज़ार कर रहे थे । कई लोग अपने सामान पर बैठे और एक दूसरे से बातें कर रहे थे । कुछ लोग खाना खा रहे थे । कुछ लोग टहल रहे थे ।

प्लेटफार्म पर कई दुकानें थीं । एक ओर व्हीलर की किताबों की दुकान थी । दूसरी ओर एक छोटा-सा रेस्टरां था, अचानक मैं ने अपने दोस्त राजेन्द्र को देखा । मैं उन के पास गया और उन्हें धीरे से बुलाया। वे मुझे देखकर बहुत खुश हुए । उन्होंने पूछा, जोशी साहब, आप कहां जा रहे हैं ? मैं ने उन्हें बताया कि मैं वाराणसी जा रहा हूं, क्योंकि मेरी मां की तबीयत ठीक नहीं है । यह सुनकर उन्हें दुख हुआ । मैं ने उन से पूछा, 'आप कहां जा रहे हैं ?' उन्होंने बताया कि वे कहीं नहीं जा रहे हैं, उन के एक मित्र बम्बई से आ रहे हैं, उन्हें लेने आये ।

इतने में मेरी गाड़ी का सिगनल हुआ । लोगों ने अपना अपना सामान उठाया और गाड़ी की ओर भागे । मैं ने जोशी को बिदा किया । कुली ने मेरा सामान उठाया और खिड़की के पास एक सीट पर रखा । मैं ने उसे पांच रुपये का नोट दिया । उस ने मुझे धन्य-वाद दिया और चला गया । मैं गाड़ी में बैठ गया । दूसरे दिन घर वापस गया । मैं ने देखा कि मां अब ठीक हो गयी । मैं निश्चिन्त हुआ।

वापस (副)回来，返回

--जाना (不及)回去

--आना (不及)回来

कुली (阳)苦力

अपर इन्डिया 火车车次

सामान (阳)行李

माँगना (及)要，要求

बाबू (阳)老爷，先生

मर्ज़ी (阴)意愿

प्लेटफ़ार्म (阳)站台

व्हीलर (阳)推手推车的人

धीरे से 轻声地

रेस्टरां (阳)饭店

अचानक (副)突然

ख़ुश (形)高兴的

दुख (阳)痛苦

वाराणसी (地名)瓦腊纳西

तबीयत (阴)身体，健康

इतने में 正在这时

सिगनल (阳)信号

सीट (阴)座位

नोट (阳)钞票；纸币

निश्चिन्त (形)放心的，安心的

बिदा (阴)动身，离去

को--करना (及)告别

चला जाना (不及)走去，离开

दूसरा पाठ

पाठ	राई का पहाड़
बातचीत	परिचय
व्याकरण	१. लगना 的用法
	२. 复合动词 जाना
	३. 连接词 कि

पाठ

राई का पहाड़

एक बार की बात है, कोई ख़रगोश किसी जंगल में एक पेड़ के नीचे आराम से सो रहा था । अचानक पेड़ पर से एक सेव गिरा । सेव के गिरने से जोर का धमाका हुआ, और वह ख़रगोश फ़ौरन वहां से भागने लगा ।

वह जल्दी-जल्दी भाग रहा था, और बहुत ज़ोर से चिल्ला रहा था, " भागो, भागो, पृथ्वी फट रही है । "

रास्ते में उसे एक हिरण मिला । यह हिरण भी उसके साथ भागने लगा । इस के बाद उनको एक सूअर मिला । फिर एक नील-गाय मिली, एक गैण्ड़ा मिला, एक बाघ मिला, एक चीता मिला, एक भेड़िया मिला, एक गीदड़ मिला, और एक हाथी मिला । वे

सब ख़रगोश के पीछे-पीछे भागने लगे । थोड़ी देर में जानवरों की एक लंबी कतार बन गई ।

अंत में उनको एक सिंह मिला । जब सिंहने उनसे पूछा कि वे क्यों भाग रहे थे, तो उन्होंने कहा ,' पृथ्वी फट रही है । पृथ्वी फट रही है ।'

सिंहने सोचा कि इसमें शक की बात है । उसने फिर जानवरों से पूछा ,' तुम लोगों को कैसे मालूम है कि पृथ्वी फट रही है ?'

एक कोने से आवाज़ आई ,' महाराज, हाथी को मालूम है ।'

जब सिंह ने हाथी से पूछा, तो उसने गीदड़ का नाम लिया । गीदड़ ने बाघ का नाम लिया । बाघने गैण्डे का नाम लिया । गैण्डे ने नीलगाय का नाम लिया । नीलगाय ने सूवर का नाम लिया । और सूअरने ख़रगोश का नाम लिया ।

जब सिंहने ख़रगोश से पूछा, तो ख़रगोश ने जवाब दिया , 'देखिये, महाराज, मैं एक पेड़ के नीचे सो रहा था । अचानक पृथ्वी फटने का धमाका हुआ । मैं तुरन्त वहां से भागने लगा ।'

सिंह ने कहा ,' चलो, हम उस पेड़ के नीचे जाएंगे, और देखेंगे असली बात क्या है ।'

जब सभी जानवर उस पेड़ के नीचे पहुंचे, तो उन्होंने देखा, वहां जमीन पर केवल एक सेब है । सब जानवर अपनी मूर्खता पर शर्मिन्दा हुए । उन्होंने सिंह को धन्यवाद दिया, और अपने-अपने घर लौट गये ।

बातचीत

परिचय

चीनी छात्रा : नमस्ते ।

भारतीय छात्रा : नमस्ते ।

चीनी : आप कैसी हैं ?

भारतीय : बस, ठीक हूं । आप कैसी हैं ?

चीनी : मैं भी ठीक हूं ।

भारतीय : आप का नाम क्या है ?

चीनी : मेरा नाम चांग शाओ फ़न है । अच्छा, आप चीन में कब आयीं ?

भारतीय: पिछले महीने की छै तारीख को आई ।

चीनी : आप ने चीन में किन-किन स्थानों को देखा ?

भारतीय : मैं केवल पेइचिंग शांघाई, शीआन और हांचू गयी ।

चीनी : पेइचिंग में आप ने क्या क्या देखा ?

भारतीय : मैं ने बहुत सी जगहें देखीं, जैसे समर-पैलेस, पेहाई पार्क इत्यादि । आज मुझे आप के विश्वविद्यालय को देखने का अवसर मिला ।

चीनी : आप हमारा विश्वविद्यालय खूब देखिये ।

भारतीय : अवश्य ।

शब्दावली

(क)

राई (阴)芥子
अचानक (副)突然
गिरना (不及)掉落
धमाका (阳)哗啦声
फ़ौरन (副)马上，立即
भागना (不及)逃跑
चीखना (不及)尖叫
चिल्लाना (不及)叫喊
पृथ्वी (阴)地球
फटना (不及)破裂
हिरण (阳)鹿
सूअर (阳)猪
गैण्डा (阳)犀牛
शक (阳)怀疑
बाघ (阳)老虎
चीता (阳)豹
भेड़िया (阳)狼
गीदड़ (阳)豺，豺狼
के पीछे (后)在…之后

थोड़ी देर (副)一会儿
जानवर (阳)动物
कतार (阴)队列
बनजाना (不及)成为，形成
अंत (阳)结尾
अंत में 最后，终于
सिंह (阳)狮子
सोचना (及)想，考虑
कैसे (问)怎么样，如何
मालूम (形)知道的
को--होना (不及)知道
कोना (阳)角落
महाराज (阳)大王
नाम (阳)名字
का--लेना (及)提到
तुरंत (副)马上，立即
असली (形)真实的
मूर्खता (阴)愚蠢，无知
शर्मिन्दा (形)害羞的，惭愧的

(ख)

परिचय (阳)介绍　　हांचू (地名)杭州

पिछला (形)从前的，过去的　　अवसर (阳)机会

तारीख़ (阴)日期　　अवश्य (副)一定，当然

टिप्पणियां

१. राई का पहाड़ (बनाना)

这是一句成语，在这里的意思是“小题大做”。

२. रास्ते में उसे एक हिरण मिला।

它在路上碰到了一只鹿。

को... मिलना 意思为“遇到…，碰到…”。例如：

अभी मुझे विश्वविद्यालय की दुकान में राधा मिली।

刚才我在学校的商店里遇到了拉塔。

राम को सड़क पर एक रुपया मिला।

拉姆在马路上捡到了一个卢比。

३. यह हिरण भी उस के साथ भागने लगा।

这只鹿也跟着它跑了起来。

此句中的 भी 为语气词。语气词 भी 主要表示类同关系，相当于汉语“也”、“亦”等意思。用于某一成分后面，表示该成分同另一相同的成分相比，有类同关系。如：

मैं भी आज घर जाऊंगा।　　我也回家去。

मैं आज भी घर जाऊंगा।　　我今天也回家去。

मैं आज घर भी जाऊंगा।　　我还要回家去。

४. आप कैसी हैं? 您好吗?

कैसी 是疑问词，其性、数随主语变，意思是“怎么样，如何”。例如：

बताओ, रवि कैसा है? 告诉我，拉维怎么样?

व्याकरण

1. लगना 的用法：

将动词不定式的 ना 变为 ने 与 लगना 连用，表示动作的开始。例如：

वह खरगोश फौरन वहाँ से भागने लगा।
那只兔子立即从那里开始逃窜。

यह हिरण भी उस के साथ भागने लगा।
这只鹿也跟着它跑了起来。

2. 复合动词 जाना：

印地语中有些动词可以与主要动词的动词根复合使用，这类动词（除助动词外）称为复合动词。复合动词是没有本身词汇的意思，只起加强主要动词的语气作用。复合动词 जाना 是使用最广泛的几个复合动词之一。主要用于下列两种形式：

1）几乎可以与所有的不及物动词连用，表示主要动词的动作的完成。例如：

राम आ गया। 拉姆来了。

वे अपने अपने घर लौट गये। 他们都回家去了。

अध्यापक कुर्सी पर बैठ गया। 老师坐在了椅子上。

2）与少数几个及物动词连用，除表示完成的意义外，还有迅速

等意思。例如：

मैं यह उपन्यास एक दिन में पढ़ गयी ।

我一天就把这本小说读完了。

वह खाना खा गया ।

他吃完饭了。

3。连接词 कि：

कि 是连接词，可以引导主语从句、宾语从句、表语从句，同位语从句和状语从句等。例如：

1）引导主语从句

यह ठीक है कि आप हिन्दी का मेहनत से अध्ययन करते हैं ।

您努力学习印地语，这是对的。

यह सच है कि रमेश चीन में आ गया ।

罗梅希来到了中国，这是真的。

2）引导宾语从句

सिंह ने उन से पूछा कि वे क्यों भाग रहे थे ।

狮子问它们为什么要逃跑。

मैं चाहता हूं कि इस हफ़्ते में घर वापस जाऊं ।

我希望这周能回家去。

3）引导表语从句

अर्थ यह कि तुम अच्छी तरह जनता की सेवा करो ।

意思是你要好好地为人民服务。

4）引导同位语

मेरा विचार है कि दोपहर को हम शहर जाएं ।

我的想法是下午咱们进城去。

मुझे मालूम नहीं कि वह कब सो गयी ।

我不知道她什么时候睡着了。

5）引导状语从句

कल मैं बाहर जा रहा था कि रवि आ गये ।

昨天我正要出门，拉维来了。

अभ्यास

1. 语音练习：

कतार, कैसे कोना चिल्लाना चीता तारीख़ तुरन्त पिछला

फटना फ़ौरन गिरना गीदड़ गैंड़ा जानवर मागना

भेड़िया बाघ

词组

किसी जंगल में, एक पेड़ के नीचे, पेड़ पर से, बहुत जोर से, रास्ते में, उस के साथ, ख़रगोश के पीछे पीछे, थोड़ी देर में, अंत में, जमीन पर, अपनी मूर्खता पर

2. 改错：

१) उस छात्राने बनारस गया ।

२) मैं एक नई किताब खरीदी ।

३) सत्रह वर्ष की आयु में ठाकुर जी विदेश गयी ।

४) क्या आप वे काम किये ?

५) उन्होंने अपने नाटक में कुछ पात्रों का अभिनय किये ।

६) हर जगह उन का अभूतपूर्व स्वागत हुए ।

७) अभी मैं ने अध्यापिका ली को देखी ।

८) अंग्रेजी भारतीय लोग पर गोलियां चलायी ।

९) मजदूर ने तीन नयी इमारत बनायीं ।

3. 造句:

१) अचानक

२) चिल्लाना

३) मिलना

४) लम्बी कतार बन जाना

५) मालूम होना

६) नाम लेना

७) हंसना

८) धन्यवाद देना

4. 用 को, ने, पर, में, से 填空:

१) गोपाल____शीला____रेल्वे स्टेशन का रास्ता बताया ।

२) मैं____कल रात____आप की बहन____बस____देखा ।

३) तुम____मेरे बच्चों____क्यों मारा ?

४) उस____अपने पिता जी____पूछा कि आप कब आएंगे ?

५) राम के भाई____सोचा कि आज शाम____फिल्म देखेंगे ।

5. 将下列句子改为过去时:

१) मैं अपने दोस्त को स्टेशन भेजूंगी ।

२) वह क्लास में एक सुन्दर वाक्य बताएगा ।

३) माता जी अच्छा भोजन बनाएंगी।

४) आनंद एक नयी साइकिल खरीदेगा ।

५) हम बास्केटबाल खेलेंगे ।

6. 分析下列句子:

१) कोई खरगोश किसी जंगल में एक पेड़ के नीचे आराम से सो रहा था ।

२) इस के बाद उन को एक सूअर मिला ।

३) जब सिंह ने उन से पूछा कि वे क्यों भाग रहे थे, तो उन्होंने कहा , ` पृथ्वी फट रही है ।`

४) सिंहने कहा , ` चलो,हम उस पेड़ के नीचे जाएंगे ,और देखेंगे असली बात क्या है ।`

५) तुम लोगों को कैसे मालूम है कि पृथ्वी फट रही है ?

६) सब जानवर अपनी मूर्खता पर शर्मिन्दा हुए ।

7. 印译汉:

१) माता ने अपने बेटे को अन्दर बुलाया ।

२) अध्यापक ने उसे दफ़्तर भेजा ।

३) आप ने क्लासरूम में किस-किस को देखा ?

४) मेरे कपड़े किस ने धोये ?

५) मैं ने बाजार से एक नया कोट खरीदा ।

8. 汉译印:

1) 我刚来到梨树下，突然从树上掉下好几个大梨。

2) 当学生看到诗人泰戈尔时，就立即来到他身边。

3) 他在大声叫喊什么？谁打了他？

4) 在那里，我们遇见了很多动物。

5) 不一会儿，她就做完了今天的作业。

6) 我不知道该怎么回答他的问题。

7) 当大家提到拉姆的名字时，都嘲笑他的愚蠢。

9. 回答问题:

१) जब खरगोश एक पेड़ के नीचे सो रहा था, तो उस ने क्या सुना ?

२) रास्ते में ख़रगोश को कौन-कौन मिले ?

३) अन्त में कौन मिला ? किस ने क्या पूछा ?

४) क्या पृथ्वी सचमुच (的确) फट रही थी ? इस के बारे में जानवरों ने क्या जवाब दिये ?

५) जब सभी जानवर उस पेड़ के नीचे पहुंचे, तो उन्होंने क्या देखा ?

10. 背诵全课文

11. 阅读练习:

दिन, सप्ताह, पक्ष, मास, वर्ष (क)

एक दिन और एक रात में, अर्थात चौबीस घण्टों में, एक दिनरात अर्थात अहोरात्र पूरा होता है । एक अहोरात्र को प्रचलित भाषा में एक दिन भी कहते हैं । अब यह बात स्मरण रखनी चाहिये कि सात अहोरात्र का एक सप्ताह होता है । एक सप्ताह के दिनों के नाम इस प्रकार हैं :

१) रविवार (इतवार)	५) गुरुवार
२) सोमवार	६) शुक्रवार
३) मंगलवार	७) शनिवार
४) बुधवार	

पन्द्रह अहोरात्र का एक पक्ष होता है । दो पक्षों अर्थात प्राय: तीस दिन का एक मास होता है । पहले पक्ष की रातें अपने पूर्व भाग में अंधेरी होती हैं, इसलिये इसे कृष्ण पक्ष कहते हैं। दूसरे पक्ष की रात्रियों में चन्द्रमा निकल आता है, अत: इसे शुक्ल

पक्ष कहते हैं।

एक अहोरात्र को भारत में तिथि भी कहते हैं। प्रत्येक पक्ष में १५ तिथियां होती हैं। उन तिथियों के नाम ये हैं:

१) प्रतिपदा	(一日)	९) नवमी	(九日)
२) द्वितीय	(二日)	१०) दशमी	(十日)
३) तृतीया	(三日)	११) एकादशी	(十一日)
४) चतुर्थी	(四日)	१२) द्वादशी	(十二日)
५) पंचमी	(五日)	१३) त्रयोदशी	(十三日)
६) षष्ठी	(六日)	१४) चतुर्दशी	(十四日)
७) सप्तमी	(七日)	१५) अमावस्या	(十五日)
८) अष्टमी	(八日)		

सप्ताह	(阳)星期	सोमवार	(阳)星期一
पक्ष	(阳)印历月份的半个月	मंगलवार	(阳)星期二
मास	(阳)月	बुधवार	(阳)星期三
अर्थात्	(副)即，就是	गुरुवार	(阳)星期四
अहोरात्र	(阳)一天一夜	शुक्रवार	(阳)星期五
पूरा	(形)整个的，完全的	शनिवार	(阳)星期六
प्रचलित	(形)流行的，通行的	प्राय:	(副)大概
स्मरण	(阳)记住	पूर्व	(形)前面的
--रखना	(及)记住	अंधेरा	(形)黑暗的
रविवार	(阳)星期	कृष्ण पक्ष	(阳)黑半月

चन्द्रमा （阳）月亮

अत: （副）所以，因此

शुक्ल पक्ष （阳）白半月

तिथि （阴）日期

अमावस्या （阴）朔日

तीसरा पाठ

पाठ	कबूतर की कहानी
बातचीत	किताबों की दुकान पर
व्याकरण	१. 虚拟语气
	२. चाहिये 的用法
	३. 复合动词 देना

पाठ

कबूतर की कहानी

एक दिन आकाश में बहुत से कबूतर उड़ रहे थे । इन कबूतरों में उनका राजा भी था ।

कबूतर दाना खोजने के लिए उड़ रहे थे । उन्होंने देखा कि एक झोंपड़ी के नजदीक जमीन पर बहुत चावल बिखरे हुए थे ।

भूखे कबूतरोंने राजा से कहा :`राजा जी, देखिये, वहां कितने सफेद-सफेद चावल पड़े हुए हैं । अगर आप कहें तो हम खाने के लिए उतरें ।`

राजाने जवाब दिया :`देखो, ये चावल उस झोंपड़ी के नजदीक की जमीन पर पड़े हैं । इसलिए शक की बात है । हो सकता है कि इस में कुछ खतरा हो । हमें ये चावल नहीं खाने चाहिए ।`

कबूतरोंने ज़िद की :`हमें बहुत भूख लगी । आप हमको खाने की आज्ञा दें ।`

राजाने कहा :`अच्छा,हम चलें और चावल खायें ।'

सब कबूतर नीचे उतरे और चुगने लगे ।

लेकिन थोड़ी देर में सब कबूतर शिकारी के जाल में फंस गये । अब सब कबूतर बहुत पछताए और सोचने लगे कि क्या करें ।

राजा को एक युक्ति सूझी,उसने कहा :`आओ,हम एक साथ ज़ोर लगायें,और एक ओर उड़ चलें ।`

सब ने एक साथ ज़ोर लगाया । हालांकि यह जाल बहुत भारी था,फिर भी वे एक साथ उड़ने लगे । थोड़ी देर में सब बहुत दूर निकल गये ।

वहां कबूतरों के मित्र चूहे और गिलहरियां रहते थे । कबूतरों के राजा ने उन से कहा :`हम बुरी तरह फंस गये । आप लोग हमारा जाल काट दें ।`

चूहों और गिलहरियोंने तुरन्त अपने तेज दांतों से जाल को काट दिया ।

सब कबूतर मुक्त हो गये । उन्होंने बहुत खुशी के साथ चूहों व गिलहरियों से कहा :`आपलोगोंनेहमारी जान बचायी । हम आप को बहुत-बहुत धन्यवाद देते हैं ।`

चूहों और गिलहरियोंने खुशी से कहा :`धन्यवाद देने की कोई बात नहीं है । यह तो हमारा कर्तव्य है ।`

कबूतर उड़ गये । चूहे और गिलहरियां अपने बिल में घुस गये ।

बातचीत

किताबों की दुकान पर

छात्र : क्या आप के यहां हिन्दी बातचीत की किताब है ? ज़रा दिखाइये ।

दुकानदार : जी हां । यह देखिये । यह किताब बहुत प्रसिद्ध है । आजकल इस की काफ़ी मांग है ।

छात्र : अच्छा, मैं ज़रा देखूं । यह सचमुच अच्छी है ?

दुकानदार : अरे भई, मैं सच बोलता हूं । यह हिन्दी विद्यार्थियों के लिये बहुत लाभदायक है । इस को लें, अच्छी तरह याद करें, और हिन्दी में खूब बातचीत करें ।

छात्र : अच्छा । तो तीन प्रतियां दे दें । आप के पास और कोई अच्छी पुस्तक है ?

दुकानदार : अवश्य । यह श्रेष्ठ कहानियों का संग्रह है ।

छात्र : अच्छा, मुझे यह संग्रह खूब पसंद है । मैं यह भी लूंगा ।

दुकानदार : लीजिये ।

शब्दावली

(क)

कबूतर (阳)鸽子

राजा (阳)国王，皇帝

दाना (阳)颗粒

खोजना (及)寻找

झोंपड़ी (阴)茅屋
के नज़दीक (后)在…附近
चावल (阳)大米
बिखरना (不及)散开，布满
अगर (连)假使，如果
पड़ना (不及)落下，摆放
भूखा (形)饥饿的
उतरना (不及)下降
चाहिये (副)应该
ख़तरा (阳)危险
ज़िद (阴)坚定，顽强
 की--करना (及)固执，坚持
भूख (阴)饥饿
आज्ञा (阴)命令
 को--देना (及)下命令
चुगना (及)啄食
शिकारी (阳)猎人
जाल (阳)网
फंसना (不及)陷入，落入
पछताना (不及)后悔

युक्ति (阴)方法，计策
सूझना (不及)想
उड़ चलना (不及)飞走
ज़ोर (阳)努力
 -- लगाना (及)竭尽全力
हालांकि (连)虽然
भारी (形)重的
मित्र (阳)朋友
चूहा (阳)老鼠
पास में (副)附近
बुरी तरह (副)狼狈地
काटना (及)咬，切
तेज़ (形)锐利的
दांत (阳)牙齿
मुक्त (形)自由的，解放的
जान (阴)生命
बचाना (及)解救，拯救
कर्तव्य (阳)责任，义务
घुसना (不及)进入，闯入
बिल (阳)穴，洞

(ख)

मांग	(阴)要求，需求	प्रति	(阴)册，份
सचमुच	(副)确实，真正	लाभदायक	(形)有好处的
प्रसिद्ध	(形)著名的，有名的	दिखाना	(及)表现，显示

टिप्पणियां

१. उन्होंने देखा कि एक झोंपड़ी के नज़दीक ज़मीन पर बहुत चावल बिखरे हुए थे।

它们发现一间茅屋附近的地上撒满了许多大米。

बिखरे हुए为过去分词，其变化与过去时相同，表示动作的状态。这类句子还有：

वहां कितने सफेद-सफेद चावल पड़े हुए हैं!

那儿有多么白的大米啊!

२. हो सकता है कि इस में कुछ खतरा हो।

这样做也许有危险。

हो सकता है कि 此句为动词短语，表示"也许，大概"全句应为**यह हो सकता है कि---**，**यह**常省略，引导主语从句、从句中的动词一般为虚拟语气。例如：

हो सकता है कि आज लाल जी यहां आयें।

今天也许拉尔先生会来。

हो सकता है कि रात को वर्षा हो।

晚上大概有雨。

३. हमें बहुत भूख लगी ।

我们饿极了。

को ... लगना，意思为“感觉到、认为”。例如：

मुझे यह पुस्तक अच्छी लगती है ।

我认为这是一本好书。

क्या आप को थकान लगती है ?

您感觉累吗？

४. राजा को एक युक्ति सूझी ।

鸽子王想出了一个办法。

सूझना 的用法比较特殊，要求主语加 को。例如：

उस को एक विचार सूझा ।

他有了一个想法。

तुम्हें क्या बात सूझ गई ?

你想起了什么事？

५. यह तो हमारा कर्तव्य है ।

这是我们的责任。

此句中的 तो 是语气词，तो 所表示的意义较多，常见的有下列几种：

1）在陈述句里，तो 用于实词或短语的后面加强前面实词或短语的语气，相当于汉语的“是，呀，嘛”等。例如：

वह तो अभी गया ।

他呀，刚刚去了。

यह बात मुझे मालूम तो है ।

这件事，我是知道的。

मैं तुम से तो बात नहीं कर रही हूं।

我可不是在跟你说话。

2）在祈使句里，表示强调，汉语中常用“吧，嘛”等表示。例如：

एक सेव तो खाओ！

吃一个苹果吧！

गीता, ज़रा अन्दर तो आओ।

吉达，进来一下吧。

बैठिये तो！

请坐嘛！

3）在疑问句中，加强疑问句的语气。例如：

आज रविवार तो नहीं है？

今天不是星期天吧？

राम का मकान अच्छा तो है？

拉姆的房子还好吧？

4）与否定词नहीं 连用，表示“不是的，没有啊，否则”的意思。例如：

क्या आप भारतीय विद्यार्थी हैं？

您是印度学生吗？

नहीं तो। 不是啊。

जल्दी चलो, नहीं तो देर होगी।

快走吧，否则会迟到的。（नहीं तो 在这里是连接词）

व्याकरण

1. 虚拟语气:

虚拟语气是动词的一种形式，用来表示说话人所说的不是一个事实，而是说话人主观设想的动作或状态。印地语的虚拟语气共有四种，即：将来时虚拟语气、经常时虚拟语气、进行时虚拟语气和过去时虚拟语气。在这一课只介绍将来时虚拟语气。

2. 将来时虚拟语气:

将来时虚拟语气表示一种愿望、建议、怀疑、猜测、可能或犹豫等。例如：

आप की यात्रा सफल हो ।

祝您旅途顺利。（祝愿）

मैं चाहता हूं कि तुम एक श्रेष्ठ अध्यापिका बनो ।

我希望你成为一名优秀教师。（愿望）

आज दोपहर को हम गौड़ जी की मदद करें । ।

今天下午咱们帮帮高尔先生吧。（建议）

शायद आज पानी बरसे ।

今天也许会下雨。（可能）

आप चाहें तो बताएं ।

如果您愿意，就告诉我们吧。（假设）

3. 将来时虚拟语气的构成形式:

将来时虚拟语气的形式是由去掉动词将来时后的गा, गे, गी构成的，所以，将来虚拟语气只有人称和数的区别，没有性的区别。

以 लिखना 和 जाना 为例，列表如下：

代词＼动词	लिखना	जाना
मैं	लिखूं	जाऊं
तू, यह, वह	लिखे	जाये
हम, आप, ये, वे	लिखें	जायें
तुम	लिखो	जाओ

4. चाहिये 的用法：

चाहिये 与不定式连用，主语要求加 को 动词一般有性、数的变化。例如：

आप को रोज घर का काम करना चाहिए ।

您应该每天做家务。

मुझे आज कुछ लिफ़ाफ़े लेने चाहिये ।

今天我应该买几个信封。

由 चाहिये 组成的简单句也可以变为主从复合句，但从句须用虚拟语气。例如：

मुझे चाहिये कि आज कुछ लिफ़ाफ़े लूं ।

आप को चाहिये कि रोज़ घर का काम करें ।

चाहिये 除了与动词不定式连用外，也可以与名词连用，表示"需要……"。例如：

मुझे दो कमरे चाहिये ।

我要两个房间。

उस छात्र को हिन्दी की कुछ किताबें चाहिये ।

那个男生要几本印地语书。

5。复合动词 देना ：

复合动词 देना和主要动词根连用，表示动作是为别人而做或表示向外的动作。主要用法有下面两种：

1 ）与及物动词连用

आप लोग हमारा जाल काट दें ।

你们把缠在我们身上的网咬断吧。

तुम यह पत्र भेज दो ।

把这封信发出去吧。

मैं ने उसे बता दिया कि मैं दोपहर को नहीं जाऊंगी ।

我告诉过他，下午我不去。

पिता जी ने मेरे छोटे भाई को सौ रुपये दे दिये ।

父亲给了我弟弟一百卢比。

2 ）देना 一般与及物动词连用，有时也与不及物动词连用。和不及物动词连用时表示“开始，突然”等意义，如果动词是过去时，主语一般不加ने 。例如：

जब सीता ने मेरी बात सुनी, तो हंस दी ।

悉达听了我的话，笑了。

वह बच्चा रो दिया ।

那个男孩哭了。

वे लोग अध्यापक को देखने के लिये चल दिये ।

他们动身去看望老师了。

अभ्यास

1. 语音练习:

क --- कबूतर नज़दीक शक शिकारी युक्ति हालांकि काटना मुक्त कर्तव्य

ख --- खोजना भूखा ख़तरा भूख

ज --- राजा खोजना नज़दीक ज़िद जाल ज़ोर तेज़ जान

त --- कबूतर उतरना ख़तरा पछताना युक्ति मित्र तेज़ दांत मुक्त कर्तव्य

2. 朗读下列词组:

कबूतर उड़ रहे थे, दाना खोजने के लिए, झाड़ी के नज़दीक, शक की बात है, हो सकता है कि, इस में कुछ ख़तरा हो, भूख लगी, खाने की आज्ञा दें, चावलों को चुगने लगे, एक युक्ति सूझी, एक साथ ज़ोर लगाएं, थोड़ी देर में, अपने तेज़ दांतों से, ख़ुशी के साथ, बिल में घुस गए

3. 回答问题:

१) कबूतर क्या चीज खोजने केलिये उड़ रहे थे, और उन्होंने क्या देखा ?

२) भूखे कबूतरों ने राजा से क्या कहा ?

३) राजा ने क्या जवाब दिया ?

४) जब सब कबूतर चावलों को चुगने के लिए नीचे उतरे, तो क्या हुआ ?

५) कबूतर के राजा को क्या उपाय (办法) सूझा ?

६) अंत में सब कबूतर कैसे मुक्त हो गये ?

७) किस ने कबूतरों की मदद की ?

८) जब चूहों और गिलहरियों ने कबूतरों की बात सुनी तो क्या कहा ?

4. 造句:

१) के नज़दीक	२) हो सकता है कि
३) चाहिये	४) ज़िद करना
५) भूख लगना	६) आज्ञा देना
७) थोड़ी देर में	८) जाल में फंसना
९) सूझना	१०) ज़ोर लगाना
११) हालांकि ... फिर भी	१२) पास में
१३) बुरी तरह	१४) बचाना
१५) धन्यवाद देना	

5. 汉译印:

1) 孩子们(बच्चो),祝你们幸福、快乐。

2) 今天下午悉达可能来北京大学。

3) 咱们去长城饭店去喝咖啡吧。

4) 我希望你成为一名好学生。

5) 你告诉拉维,今天下午不要进城去。

6) 现在我该去哪儿呢?

7) 请给我一杯茶。

8) 我把这把椅子放在哪儿?

9) 饭后不要跑步。

10) 有问题,请提吧。

6. 印译汉：

१) मैं चाहता हूं कि हम लोग किसी रेस्तरां में खाना खाएं।

२) श्याम (夏姆), आओ, हम बाहर चलें।

३) चलो, कहीं कॉफ़ी पिएं।

४) उठो, थोड़ी देर घूम आएं।

५) कृपा करके यह तो बताएं क्या हुआ ?

६) बड़े भाई को बुलाएं ?

७) मैं उस को कैसे लिखूं ?

८) आप मधु (莫图) से यह न पूछें कि वह कौन है।

९) तुम लोगों को अच्छी तरह पढ़ना चाहिये।

१०) आप को वह बात कामरेड वांग को नहीं बतानी चाहिए।

7. 填空：

१) नाटक अच्छा न_____(होना), तो कौन_____(देखना) ?

२) आप इस की चिन्ता (担心) न ____(करना), मैं सब ठीक कर_____(देना)।

३) तुम वहां जाना_____(चाहना), तो मेरे साथ_____(चलना)।

४) आप को टिकट (票) न_____(मिलना), तो कोई बात नहीं।

५) मैं_____(देखना) कि मेरे पास यह किताब है या नहीं।

६) आज वह शायद_____(आना), आप कुछ समय उस का इंतजार _____(करना)।

७) वह इस समय झील के पास_____(होना), हम वहां_______(चलना)।

8. 改错：

१) तेर को पिता जी ने तुरन्त बुलाया ।

२) तुम तुम्हारे घर अभी जाओ ।

३) यह भोजन दो आदमी के लिए हैं ।

४) यह उपन्यास मैं पढ़ी ।

५) माता ने उसे फल लाने के लिए भेजी ।

६) हम आप के घर कल आयेगा ।

७) उस ने कहा कि आप मेरा सामान की तैयारी करो ।

८) आज वहां मैं ने जाना चाहिये ।

९) यह बात सीता को पूछो ।

१०) राम को मोहन को और सुरेश को कल आपने साथ-साथ देखे ?

9. 按照例句，将下面句子变为主从复合句：

१) चाहना

मैं पढ़ना चाहता हूं । ———> मैं चाहता हूं कि (मैं) पढ़ूं ।

(१) मैं शांघाई जाना चाहता हूं ।

(२) आप हिन्दी पढ़ना चाहते हैं ।

(३) हम लोग इस इमारत में नहीं रहना चाहते ।

(४) मंधु प्रकाश से मिलना चाहती है ।

(५) मैं सिग्रेट नहीं पीना चाहता ।

(६) बच्चे किशमिश और सेव खाना चाहते हैं ।

(७) वे लोग इस दफ़्तर में काम नहीं करना चाहते ।

(८) मंधु तुम से बात करना चाहती है ।

(९) कबूतर का राजा ज़मीन के चावल नहीं चुगना चाहता था ।

२) चाहिये

मुझे जाना चाहिये ।——> मुझे चाहिये कि मैं जाऊं ।

(१) उन्हें एक चिट्ठी भेजनी चाहिये ।

(२) आप को सुबह दौड़ना चाहिये ।

(३) मुझे बम्बई जाना चाहिये ।

(४) तुम्हें यह नया शब्दकोश खरीदना चाहिये ।

(५) कामरेड वांग को अध्यापक की बातों पर ध्यान देना चाहिये ।

३) हो सकता है कि

मधु पेइचिंग में आएगी——> हो सकता है कि मधु पेइचिंग में आए ।

(१) तुम बीमार हो जाओगे ।

(२) आज भारतीय मित्र यहां आएंगे ।

(३) वह देर से आएगा ।

(४) वे लोग भोजनालय में नहीं जाएंगे ।

(५) सहपाठी बैडमिंटन खेलेंगे ।

10. 分析下列句子:

१) इन कबूतरों में उन का राजा भी था ।

२) आप कहें तो हम खाने के लिये उतरें ।

३) हो सकता है कि इस में कुछ खतरा हो ।

४) अच्छा, हम चलें और चावल खायें ।

५) चूहों और गिलहरियों ने तुरंत अपने तेज़ दांतों से जाल को काट दिया ।

11. 背诵全课文

12. 阅读练习:

दिन, सप्ताह, पक्ष, मास, वर्ष (ख)

शुक्ल पक्ष की तिथियों के भी ये ही नाम हैं; केवल उस की अन्तिम (पन्द्रहवीं) तिथि को पूर्णमासी कहते हैं। कृष्ण पक्ष की रात्रियां उत्तरोत्तर अंधेरी होती हैं। अन्त में अमावस्या की रात्रि को चन्द्रमा बिल्कुल दिखाई नहीं देता। इसके विपरीत शुक्ल पक्ष की रात में उत्तरोत्तर प्रकाश बढ़ जाता है और अन्त में पूर्णमासी की रात चांदनी से आलोकित रहती है।

बारह मास का एक वर्ष होता है। इन मासों के नाम इस प्रकार हैं :

१) चैत्र	(印一月)	२) वैशाख	(印二月)
३) ज्येष्ठ	(印三月)	४) अषाढ़	(印四月)
५) श्रावण	(印五月)	६) भाद्रपद	(印六月)
७) आश्विन	(印七月)	८) कार्त्तिक	(印八月)
९) मार्गशीर्ष	(印九月)	१०) पौष	(印十月)
११) माघ	(印十一月)	१२) फाल्गुन	(印十二月)

भारतीय कलेंडर के हिसाब में नया वर्ष चैत्र से आरंभ होता है और फाल्गुन में समाप्त हो जाता है। इसे संवत् कहते हैं, जैसे : विक्रमी संवत् २०४४ (公元 १९९१) तथा शक संवत् १९१३ (公元 १९९१)।

अंग्रेज़ी सन् ईसवी कहलाता है। इस में भी १२ मास होते हैं। उन के नाम इस प्रकार हैं :

१) जनवरी	(一月)	२) फ़रवरी	(二月)
३) मार्च	(三月)	४) अप्रैल	(四月)

५) मई (五月)　　६) जून (六月)
७) जुलाई (七月)　　८) अगस्त (八月)
९) सितम्बर (九月)　　१०) अक्टूबर (十月)
११) नवम्बर (十二月)　　१२) दिसम्बर (十一月)

इस के लिये यह याद रखें :

तीस दिन दिसम्बर के, अप्रैल जून नवम्बर के। फ़रवरी के अट्ठाइस जानो, बाकी सब के इक्तीस मानो।

अन्तिम (形) 最后的
पूर्णमासी (阴) 望日
उत्तरोत्तर (副) 逐渐,愈来愈
दिखाई (阴) 显示
-- देना (及) 出现, 显示
के विपरीत (后) 相反
प्रकाश (阳) 光亮
बढ़ना (不及) 增加, 前进
कहलाना (及) 称作
चांदनी (阴) 月光
आलोकित (形) 明亮的
कलेंडर (阳) 日历
समाप्त (形) 结束的
संवत (阳) 年代, 年
विक्रमी संवत (阳) 健日王纪元 (比公元早57年)
शक संवत (阳) 沙迦纪元 (比公元晚78年)
मानना (及) 承认

चौथा पाठ

पाठ	नाव
बातचीत	बीमारी के बारे में
व्याकरण	१. 完成分词
	२. 将来时祈使语气
	३. वाला 的用法
	४. 条件连接词 अगर ... तो ...

पाठ

नाव

एक नदी थी । वह नदी गंगा और जमुना की तरह लंबी चौड़ी नहीं थी । फिर भी वह बहुत चौड़ी थी । उस पर कोई पुल नहीं था । आने जाने वाले लोग नाव में बैठकर नदी को पार करते थे । पार उतरकर लोग नाववाले को पंद्रह या बीस पैसे देते थे ।

एक दिन कई मनुष्य नाव में बैठकर पार जा रहे थे । नाव में नीचे से एक छेद हो गया । छेद से नाव में पानी भरने लगा ।

नाव में बैठनेवाले लोग परेशान हो गए । वे सब डरकर चिल्लाने लगे ।

एक आदमीने कहा :'यदि नाव में और पानी भर गया तो हम

डूब जाएंगे ।

नाववाला बोला :`अगर आप लोग अपने हाथों से पानी उलीच कर बाहर फेंक दें, तो नाव बच सकती है ।`

एक आदमी ने अकड़कर जोर से कहा :`हम तुम्हें पैसे देते हैं । तुम खुद पानी निकालो ।`

नाववालेने हंसकर कहा :`मैं पानी निकालने लगूंगा तो पतवार कौन संभालेगा ? पानी बहुत है । मुझे अकेले से सारा पानी नहीं निकलेगा ।`

इतने में नाव में और पानी भरने लगा । नाव डगमगाने लगी ।

सब लोग घबरा गए । वे सब जोर से चीखने और चिल्लाने लगे। लेकिन किसीने अपने हाथ नहीं चलाए ।

नाववालेने मुस्कराकर कहा :`यदि अब जल्दी से सब लोग मिल-कर पानी नहीं निकालेंगे तो सब डूब जाएंगे ।`

एक बूढ़े ने सबको सलाह दी :`भाइयो, अपने ठाट-बाट और घमंड को छोड़ दो । हम सब लोग अपने हाथ से पानी नाव से बाहर निकाल दें । नहीं तो सब लोग डूब मरेंगे ।`

सब लोगोंने यह बात सुनकर नाव में से पानी निकालना शुरू कर दिया । थोड़ी ही देर में नाव का पानी समाप्त हो गया । सब लोग नदी के उस पार पर पहुंच गए ।

मिल-जुलकर काम करने से मनुष्य असंभव कार्य को भी संभव कर देते हैं ।

बातचीत

बीमारी के बारे में

आनंद : आप स्वस्थ तो हैं ?

इबारा : कल काफ़ी ठंडक थी, मुझे सर्दी लग गई । और जुकाम है, सिर में दर्द है और खांसी भी आती है ।

आनंद : क्या डाक्टर से मिले ?

इबारा : हां, डाक्टर से मिला । उन्होंने कहा कि बुख़ार है । फिर नर्स ने मुझे कुछ दवा दे दी ।

आनंद : क्या उस से कुछ लाभ हुआ ?

इबारा : हां, काफ़ी लाभ हुआ ।

आनंद : अब आप को अच्छी तरह आराम करना चाहिये । बहुत जल्दी स्वस्थ हो जाएंगे ।

इबारा : धन्यवाद !

आनंद : इबारा जी, इस समय मैं जा रहा हूं । कल फिर आऊंगा ।

इबारा : अच्छी बात है । आप को फ़ुर्सत होगी, तो आइयेगा ।

आनंद : नमस्ते ।

शब्दावली

(क)

गंगा (阴)恒河

जमुना (阴)朱木纳河

की तरह (后)像…一样

चौड़ा (形)宽的

पुल (阳)桥

पार (阳)对岸

-- करना (及)渡过

नाववाला (阳)船夫

पन्द्रह (数)十五

बीस (数)二十

पैसा (阳)钱，拜沙 (印度钱币单位)

मनुष्य (阳)人，人类

छेद (阳)洞，小孔

परेशान (形)不安的，苦恼的

डरना (不及)害怕

डूब जाना (不及)沉入，沉没

उलीचना (及)戽水，舀水

अकड़ना (不及)傲慢

खुद (副)自己

निकालना (及)取出，拿出

पतवार (阴)舵

अकेला (形)单独的

डगमगाना (不及)摇摆不定

घबराना (不及)害怕，担忧

मुस्कराना (不及)微笑

बूढ़ा (阳)老人，老头儿

सलाह (阴)劝告，建议

को --देना (及)劝告，建议

ठाट-बाट (阳)华贵，摆架子

घमंड (阳)骄傲

नहीं तो (副)否则

डूब मरना (不及)淹死

समाप्त (形)结束的，完成的

असंभव (形)不可能的

मिलना-जुलना (不及)团结，联合

बचना （不及）得救

संभव （形）可能的

--करना （及）使可能

कार्य （阳）工作，事情

(ख)

स्वस्थ （形）健康的

-- हो जाना (不及)恢复健康

ठंडक （阴）寒冷

सर्दी लगना （不及）受寒，着凉

जुकाम （阳）感冒

को--होना（不及）感冒

दर्द （阳）痛，疼痛

खांसी （阴）咳嗽

को--आना（不及）咳嗽

बुखार （阳）发烧

को--आना（不及）发烧

दवा （阴）药

लाभ （阳）好处，利益

फुरसत （阴）时间，空闲

टिप्पणियां

१. यदि नाव में और पानी भर गया, तो हम डूब जाएंगे ।

如果船舱里再进水，我们就会淹死。

并列连接词और除作连接词外，还有其它用法。例如：

1）作形容词

और 放在一些名词之前，表示“还，再，更”等意思。

यदि नाव में और पानी भर गया तो... ।

如果船舱里再进水，那么……。

पिता जी से मैं कुछ और रुपये मांगूंगा ।

我还要向父亲要些钱。

2 ）作名词

औरों ने कहा कि यह काम तुम ने किया ।

别人都说这件事是你做的。

3 ）作代词

आप और खाइये ।

请再吃点。

२. मुझ अकेले से सारा पानी नहीं निकलेगा ।

我一个人是不能把水都舀出去的。

मुझ अकेले से中的से表示施事，动词一般为不及物动词。例如：

उस से अब काम नहीं होता ।

他现在还不会办事。

यह मुझ से कैसे हो सकेगा ?

这个我可怎么办呢？

३. मिल-जुलकर काम करने से मनुष्य असंभव कार्य को भी संभव कर देते हैं ।

只要团结一致，不可能办的事情人们也能办成。

काम करने से中的से表示某种原因。例如：

आप लोगों की बातचीत से मेरी नींद टूट गयी ।

我被你们的谈话吵醒了。

किस की चीज़ खो जाने से दुख नहीं होता ?

谁丢了东西不难过呢？

४. मुझे सर्दी लग गई ।

我着凉了。

这一句型表示对某人或某物精神上的体验或感觉。如果这种体验或感觉是用名词来表示的，则用带后置词को 的短语表示感受者。例如：

आज उसे जुकाम हो गया ।

今天他感冒了。

आजकल मेरी माता जी को खांसी आती है ।

最近我母亲常咳嗽。

सुना है कि आप को बुखार आ रहा है, क्या यह सच है ?

听说您正在发烧，是真的吗？

आप से मिलकर हमें बड़ी खुशी हुई ।

见到您我们非常高兴。

व्याकरण

1. 完成分词：

动词的完成分词表示在句中主要动词动作之前完成的动作。完成分词的变化十分简单，只在动词根后加 कर 或के。但是动词करना 的完成分词只能是 करके 。例如：

वह लड़की मेरी ओर देखकर मुस्कराई, "नमस्कार" ।

那个姑娘朝我看了一眼，笑了笑说："您好"。

वे लोग उठकर खेल के मैदान में दौड़ने लगे ।

他们起床后，就去操场跑步了。

वह दरवाज़ा खोलकर अन्दर गया ।

他开了门就进去了。

完成分词一般在句子中作状语，修饰谓语动词，有时也可以修饰非谓语动词。例如：

आप रवि को बताकर आइये ।

请告诉拉维后再来吧。

完成分词与它所修饰的动词之间有时间、方式、因果、转折等关系。例如：

मैं चाय पीकर आऊंगी ।

我喝了茶后就来。（时间关系）

वह आंख बन्द करके पाठ रट कर रहा है ।

他闭上眼睛背课文。（方式关系）

आप से मिलकर मुझे बड़ी खुशी हुई ।

见到您我非常高兴。（因果关系）

तुम अध्यापिका होकर ऐसी गलती करती हो ?

你当了教师还常犯这样的错误？（转折关系）

有许多动词加完成分词成为固定的习惯用语。例如：

जान-बूझकर	故意地	ख़ास कर	特别地，特别是
मिल-जुलकर	团结起来	एक एक करके	一个一个地

2．将来时祈使语气：

将来时祈使语气表示说话人不要求对方立刻就做的动作，或者要求做的动作不是直接可以见到的。

तू कल यहां आना ।

明天你到这里来吧。

तुम रविवार को अशोक जी के यहां जाना ।

星期天请你去阿修格那里。

आप मेरी मदद कीजियेगा ।

请您以后多帮助我。

将来祈使语气的构成形式是：तू，तुम 用动词不定式原形；आप 则在现在时祈使语气动词后面加 गा 。

将来时祈使语气的否定式与现在时祈使语气相同，否定词 न 一般加在动词的前面；नहीं 加在动词的后面；मत 则用在动词的前面或后面均可。例如：

ऐसा न कीजियेगा ।

请以后别这样做。

देखो，भूलना नहीं ।

注意，以后可别忘了。

कल डबास के यहां मत जाना ।

明天不要去德巴斯那儿。

क्लास में चीजें खाइयेगा मत ।

课上不要吃东西。

3. वाला 的用法：

वाला 在印地语中使用较广泛，常用的有以下几种：

1）वाला 的前面加名词

①与实物名词连用时表示所有者，从事某种职业的人或具有某种特征：

गाड़ी वाला	赶车的人
नाव वाला	划船的人
दूध वाला	卖（送）牛奶的人
घड़ी वाला	钟表商
टोपी वाला छात्र	戴帽子的学生

②与专有名词或地点普通名词连用表示该地的区民：

पेइचिंग वाला	北京人
दिल्ली वाला	德里人
शहर वाला	城市人

③与物质名词连用表示材料：

पत्थर वाली इमारत	石头楼房
लोहे वाला दरवाज़ा	铁门

2)वाला 与动词不定式（变形，后缀 ना 变为 ने）连用表示：

①即将发生的动作，多用作表语：

बस आने वाली है।	公共汽车快要来了。
गुप्ता भारत से आने वाला है।	古普塔就要从印度来了。

②区别性意义：

पेइचिंग के रहने वाली छात्राएं	住在北京的女生们。
हिन्दी पढ़ने वाले विद्यार्थी	学习印地语的学生。

4。条件连接词 अगर (यदि) ... तो ...

अगर ... तो ... 是条件连接词，अगर（ यदि ） 引导条件状语从句，तो 在主句之前，有时 अगर（ यदि ） 可以省略。例如：

अगर आप लोग अपने हाथों से पानी उलीचकर बाहर फेंक दें, तो

नाव बच सकती है ।

如果你们自己动手把水舀出去，船就不会沉没。

तुम न आओ, तो मुझे बता दो ।

你要是不来，就告诉我一声。

如果主句在从句之前，主句前的तो 可以省略。例如：

अपनी बेटी को भी लेकर आइये, अगर आप आएंगे ।

如果您要来，请把您的女儿也带来。

अभ्यास

1. 语音练习：

छ --- छेद उछालना छोड़ना

ड --- डरना डूब जाना डगमगाना घमंड डाक्टर ठंडक

त --- इतने में तीखा नहीं तो पतवार समाप्त

प --- पुल पार पंद्रह पैसा पतवार समाप्त

ल --- पुल नाववाला उछालना अकेला सलाह मिलना-जुलना

स --- बीस पैसा स्वर सलाह समाप्त समंव स्वस्थ सर्दी

खांसी नर्स

2. 朗读练习：

गंगा और जमुना की तरह, पंद्रह या बीस पैसे, नाव में बैठने वाले लोग, जोर से हंस कर कहा, मुझ अकेले से, थोड़ी ही देर में, मिल-जुलकर

आने जाने वाले लोग नाव में बैठकर नदी को पार करते थे ।

नाव में नीचे से एक छेद हो गया ।

वे सब डरकर चिल्लाने लगे ।

अगर आप लोग अपने हाथों से पानी उलीच कर बाहर फेंक दें तो नाव बच सकती ।

मैं पानी निकालने लगूंगा तो पतवार कौन संभालेगा ?

नाव डगमगाने लगी ।

अपने ठाट-बाट और घमंड को छोड़ दो ।

नहीं तो सब लोग डूब मरेंगे ।

मिल-जुलकर काम करने से मनुष्य असंभव कार्य को भी संभव कर देते हैं ।

3. 回答问题:

१) वह नदी एक कैसी नदी है ?

२) लोग नदी को कैसे पार करते हैं ?

३) जब नाव नदी के बीच जा रही थी तो क्या हुआ ?

४) क्या लोगों को नाव में छेद देख कर बहुत खुशी हुई ?

५) नाववाले ने पानी उलीचने केलिए लोगों से क्या कहा ?

६) एक आदमी ने नाववाले की बात सुनकर क्या कहा ? तो नाववाले ने क्या जवाब दिया ?

७) जब नाव डगमगाने लगी तो क्या लोग तालियां बजाने लगे?

८) एक बूढ़े आदमी ने क्या सलाह दी ?

९) अन्त में सब लोगों ने मिल-जुलकर क्या किया ?

4. 印译汉:

१) आप खाना खाकर मेरे यहां आइये ।

२) आनंद जी की सलाह है कि आप लोग वाराणसी जाएं ।

३) गाने वाली लड़की मेरी छोटी बहन है ।

४) उन्हें बताइये कि वे दो चार दिन और रहें ।

५) उसने मूंगफली वाले से कुछ ले लिया ।

६) तुम कुट्टी लेकर अपने घर वापस जाओगे, क्या यह सच है ?

७) आप ही बताएं कि पहले लड़कियां पढ़ें या लड़के ?

८) शराब पीकर गाड़ी मत चलाओ ।

९) हो सकता है वह लड़का गिर जाए ।

१०) हो सकता है वह आदमी भाग जाए ।

5。汉译印：

1）城里人喜欢吃米饭（भात）。

2）他每天早饭后看报。

3）天气凉了，不要睡在外面。

4）昨天你打完篮球去哪儿了？

5）他着了凉，现在正在发烧。

6）卖香蕉的那个女人是阿南德的姐姐。

7）德巴斯先生，请喝了咖啡走吧。

8）孩子们看完电视就去睡觉了。

9）拉维进了宿舍就唱了起来。

10）刚才金老师来告诉了我一个很好的消息（ख़बर）.

6。造句：

१) क़ैद होना
२) पानी भरना
३) डूब जाना
४) इतने में
५) डगमगाना
६) सलाह देना

७) डूब मरना

८) समाप्त होना

९) नहीं तो

१०) संभव करना

११) सर्दी लगना

१२) जुकाम होना

१३) खांसी आना

१४) बुखार आना

१५) हाथ चलाना

7. 改错：

१) यह बात सुनकर मुझे परेशान हुआ ।

२) हम आप के घर कल आएगा ।

३) क्या यह सब काम उस ने करा ?

४) आज मैं वहां जानी चाहिये ।

५) सुना है कि आप के पिता जी रेलगाड़ी पर आया ?

६) वह रोटी और पानी पीकर गया ।

७) भाषण देने का आदमी हमारे नये अध्यापक हैं ।

८) अभी माता जी ने तू को बुलाया ।

९) मैं यह काम करना चाहता है ।

१०) अध्यापिका अनेक बार समझाया, लेकिन वह नहीं समझता ।

8. 用जाना, देखना, करना, लेना, होना, खाना 完成下列的句子：

१) कल मैं अपना काम समाप्त____घर गया ।

२) शीला किताबें____स्कूल जा रही है ।

३) वे लोग खाना____बाहर निकले ।

४) छात्राएं सिनेमा____घर लौटीं ।

५) मोहन बम्बई____तीन दिन में लौटेंगे ।

६) प्रकाश, तुम कल वह किताब____जाओ ।

७) आनंद की परेशान _____ मेरे पास आये ।

9. 将下列句子改为含完成分词的句子:

१) वह आया और बोला ।

२) गौरैया ने पानी पिया और उड़ गयी ।

३) उन दोनों को दो-दो सेब मिले और वे खाने लगे ।

४) उस ने टैक्सी （出租汽车） वाले को रुपये दिये और टैक्सी में बैठ गया ।

५) हर रोज़ कामरेड तंग छै बजे उठता है और पढ़ता है ।

६) देखो, क्या रवि जी ने स्नान किया और बाहर आये ?

७) जब वह अधिक शराब पीता है, तो ज़ोर से हंसता है ।

८) मैं ने उस की बात सुनी और मुझे सब कुछ मालूम हो गयी ।

९) जब राजा अन्दर पहुंचा तो उस ने अपनी बेटी को बुलाया ।

१०) सब लड़के आये और अपने पिता को नमस्कार किया ।

११) मैं दुकान पर गया और कुछ कपड़े खरीदे ।

१२) वह लड़का जमीन पर बैठ गया और आराम करने लगा ।

१३) आइये और मेरी मदद कीजिये ।

१४) जब इस लड़की ने यह सुना तो वह रोने लगी ।

10. 按照例句改变下列句子:

यह देखकर मैं परेशान हो गया ——> जब मैं ने यह देखा तो मैं परेशान हो गया ।

१) सेब देखकर लड़कियों के मुंह में पानी भर गया ।

२) यह कहकर वह दफ़्तर से बाहर निकल गया ।

३) यह सुनकर मैं रोने लगी ।

४) आप ने वहां जाकर क्या किया ?

५) वह अस्पताल जाकर डाक्टर से मिला ।

11. 分析下列句子:

१) आने जाने वाले लोग नाव में बैठकर नदी को पार करते थे ।

२) छेद से नाव में पानी भरने लगा ।

३) यदि नाव में और पानी भर गया, तो हम डूब जाएंगे ।

४) मैं पानी निकालूंगा तो पतवार कौन संभालेगा ?

५) हम सब लोग अपने हाथ से पानी नाव से बाहर निकाल दें ।

12. 背诵全课文

13. 阅读练习:

पिता के नाम पत्र

कमरा नं० २२, गंगा छात्रावास,
जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय,
नई दिल्ली---११००६७
५-११-९०

पूज्य पिता जी,

सादर प्रणाम ।

माता जी की मिठाई और आप का पत्र दोनों प्राप्त हुए । गठरी देखकर मेरे साथी चींटे की तरह आये और थोड़ी ही देर में आधी मिठाई चटकर गये ।

जब मेरे साथी टल गये तब मुझे आप का पत्र पढ़ने का अवसर

मिला। परिवार की कुशलता जानकर हार्दिक प्रसन्नता हुई। इस से भी अधिक प्रसन्नता इस बात से हुई कि आप ने नये वर्ष के अवसर पर मुझे घर बुलाया। मैं २६ की शाम को ही घर पहुंच जाऊंगा।

मैं यहां खूब मजे में हूं। मेरे सभी साथी बहुत अच्छे हैं। हमारे वार्डन भी बहुत अच्छे हैं। माता जी से कह दें कि वे किसी प्रकार की चिन्ता न करें।

माता जी को प्रणाम और रेणु तथा प्रतिमा को बहुत-बहुत प्यार।

आपका प्रिय पुत्र,

रवि

पूज्य	（形）尊敬的	कुशलता	（阴）安康，幸福
सादर	（副）尊敬地	हार्दिक	（形）衷心的
प्रणाम	（阳）鞠躬，敬礼	प्रसन्नता	（阴）高兴
मिठाई	（阴）糖果	वार्डन	（阳）负责住校学生生活的教师
गठरी	（阴）包裹		
चींटा	（阳）蚂蚁	प्यार	（阳）爱，亲爱
आधा	（形）一半的，二分之一	प्रिय	（形）亲爱的
चटना	（及）吃完	चिन्ता	（阴）担心，担忧
टलना	（不及）离开，消失	की--करना	（及）担心，担忧
रेणु	（人名）雷努	प्रतिमा	（人名）普尔蒂玛

संबोधन （阳）称呼

गुरु （阳）先师，老师

अभिवादन （阳）问候

निवेदन （阳）递交，呈请

ससुर （阳）岳父，丈人；公公

पूजनीय （形）尊敬的，可敬的

मान्यवर （形）尊敬的

आदरणीय （形）尊敬的

परम पूज्य （形）非常尊敬的

श्रीमान् （阳）先生

चरण स्पर्श （阳）足礼

स्नेहभाजन （阳）被抚爱的人

आज्ञाकारी （阳）仆人，服从命令者

कृपाकांक्षी （阳）仁慈的人

स्नेही （阳）朋友

चिरंजीव （形）长寿的

प्रियवर （形）亲爱的

आयुष्मान （形）长寿的

प्रसन्न （形）高兴的

शुभाशीर्वाद （阳）美好的祝福

शुभेच्छु （阳）热心者，同情者

शुभचिंतक （阳）爱护者，同情者

हितैषी （阳）同情者

शुभाकांक्षी （形）善意的

मित्रवर （阳）好友

हृदयस्पर्श （阳）拥抱

सप्रेममिलन （阴）亲切相会

प्रेमाकांक्षी （形）渴望爱的

सखी （阴）女友

अभिन्न （形）同一的，不可分离的

महाशय （阳）先生，阁下

महोदय （阳）先生，阁下

श्रीमती （阴）女士，夫人

भवदीय （形）您的，阁下的

परम （形）最高的，非常的

महामान्यवर （形）最值得尊敬的

माननीय （形）尊敬的

प्रार्थी （阳）请求者

सेवक （阳）仆人

निवेदक （阳）申请者，呈递者

विनीत （形）您的恭顺的

प्राणेश्वर （阳）丈夫，最爱的人

हृदयेश्वर （阳）丈夫，最亲爱的

प्राणप्रिय （形）最亲爱的

दासी (阴)女仆

हृदयेश्वरी (阴)妻子,最亲爱的人

प्रेमालिंगन (阴)爱的拥抱

महोदया (阴)女士,阁下

पांचवां पाठ

पाठ	झांसी की रानी
बातचीत	चाय-पार्टी
व्याकरण	१. 过去完成时
	२. 复合动词 लेना
	३. 连接词 ताकि

पाठ

झांसी की रानी

झांसी की रानी लक्ष्मीबाई महान वीरांगना थीं ।

उनका जन्म सन् १८३५ में हुआ था । बचपन से ही उन्होंने तीर चलाने, घुड़सवारी करने का अभ्यास किया था और युद्ध-विद्या की शिक्षा पाई थी ।

उनका विवाह झांसी के राजा गंगाधरराव के साथ हुआ था । परन्तु गंगाधरराव अधिक दिनों तक जीवित नहीं रह सका । उन्नीस वर्ष की अवस्था में लक्ष्मीबाई विधवा हो गईं ।

विधवा होने से वे बहुत निराश नहीं हुईं । इस के विपरीत वे साहस के साथ खुद राजकाज देखने लगीं ।

इसके बाद अंग्रेज़ी उपनिवेशवादियों ने झांसी पर हमला किया, और उसपर कब्ज़ा कर लिया ।

सन् १८५७ में भारत में अंग्रेज़ी राज्य के खिलाफ़ आज़ादी की लड़ाई शुरू हुई । इस अवसर पर लक्ष्मीबाई ने एक सेना संगठित की, और झांसी को आजाद कर लिया । वे फिर झांसी में राज करने लगीं ।

लेकिन ऐसा हाल बहुत दिनों तक न रहा । अंग्रेज़ी सेनाने झांसी को फिर से घेर लिया । दोनों ओर से घमासान युद्ध शुरू हुआ ।

लक्ष्मीबाईने अपनी वीरता दिखाई । उन्होंने अपने बच्चे को पीठ से बांध कर और घोड़े पर चढ़कर साहस के साथ दुश्मन पर हमला किया ।

वे लगातार ग्यारह दिनों तक लड़ती रहीं । लेकिन अंत में हार गईं, और कालपी चली गईं । अंग्रेज़ी सेनाने उनका पीछा किया, पर उन्हें पकड़ न सकी ।

कालपी में लक्ष्मीबाई ने फिर से अपनी सेना का संगठन किया, और ग्वालियर के पास फिर से युद्ध शुरू कर दिया ।

यह उनका अंतिम युद्ध था । उन्होंने अपनी सारी शक्ति लगा दी । वे जीजान से लड़ीं, लेकिन बाद में हार गईं । तेईस वर्ष की उमर में वे वीरता के साथ अपने देश की आज़ादी के लिए शहीद हो गईं ।

उनकी याद में भारतीय जनता ने बहुत से लोकगीत और कविताएं रचीं । ये लोकगीत और कविताएं हमेशा लोगों की ज़बान पर रहते हैं ।

बातचीत

चाय-पार्टी

मोहन : अरे, गोपाल, कहां जा रहे हो ?

गोपाल: मैं चाय-पार्टी के लिये जा रहा हूं । क्या तुम भूल गये, आज आनंद जी के यहां एक चाय-पार्टी है । सब को चलना चाहिए ।

मोहन : ओह । मैं तो बिल्कुल भूल गया था । ज़रा रुको । हम साथ साथ चलें ।

गोपाल: जल्दी करो, देर हो रही है ।

मोहन : वहां कितनी देर लगेगी ?

गोपाल: मेरे विचार से कम से कम आधा घंटा ।

मोहन : नहीं भई, चाय-पार्टी में लोग आराम से बातें करते हैं, समय कम नहीं लगेगा ।

गोपाल: तुम बहुत बोलते हो । चुप रहो । जल्दी तैयार हो जाओ, ताकि हम समय पर पहुचें ।

मोहन : अब मैं बिल्कुल तैयार हूं । आओ, हम चलें ।

शब्दावली

फांसी (地名)章西　　　　रानी　(阴)女王; 王后

लक्ष्मीबाई （人名）拉琪米巴伊
वीरांगना （阴）女英雄
जन्म （阳）出生，诞生
पैंतीस （数）三十五
तीर （阴）箭
--चलाना（及）射箭
घुड़सवारी （阴）骑马
युद्ध-विद्या （阴）战术，军事学
शिक्षा （阴）教育
--पाना（及）受教育,接受教育
विवाह （阳）结婚
गंगाधरराव （人名）
耿迦特尔拉奥
अधिक （形）多的，为数多的
परन्तु （连）但是
जीवित （形）活着的
अवस्था （阴）年纪；情况
विधवा （阴）寡妇
निराश（形）失望的，灰心的
के विपरीत（后）相反
साहस （阳）勇气
राजकाज（阳）朝政，国务
उपनिवेशवादी (阳) 殖民主义者
हमला （阳）侵略，进攻
पर--करना（及）侵略，进攻
कब्ज़ा （阳）占领
पर--करना（及）占领
सत्तावन（数）五十七
राज्य （阳）王国；统治
के खिलाफ़ （后）反对
आज़ादी （阴）自由，独立
लड़ाई （阴）战争，战斗
ओर（阴）方面，方向
संगठित（形）有组织的
--करना（及）组织，建立
आज़ाद（形）自由的,独立的
--करना（及）解放
राज （阳）统治，管理
हाल （阳）情况
घेरना （及）包围
तेईस （数）二十三
घमासान （形）激烈的
वीरता （阴）英勇
बांधना （及）捆绑
कमर （阴）腰
दुश्मन（阳）敌人

लगातार (副)不断
हारना (不及)失败
कालपी (地名)卡尔比
पीछा (阳)背后
का-- करना (及)追赶
पकड़ना (及)捉住
संगठन (阳)组织
का-- करना (及)组织起来
ग्वालियर (地名)瓜廖尔
अंतिम (形)最后的

जी जान (阳)生命
--से (副)竭尽全力地，全心全意地
लड़ना (及、不及)战斗，斗争
जनता (阴)人民
शहीद (阳)烈士
याद (阴)回忆，记忆
रचना (及)写作，创作
ज़बान (阴)口头
चला जाना (不及)走，离去

(ख)

पार्टी (阴)聚会；政党
चाय-पार्टी (阴)茶话会
रुकना (不及)停下
जल्दी (阴)快，迅速
--करना (及)快，迅速
भूलना (不及)忘记

कम से कम (副)至少
चुप (形)安静的
-- होना (不及)安静
तैयार (形)准备好了的
-- करना (及)准备
-- होना (不及)准备

टिप्पणियां

१. विधवा होने से वे बहुत निराश नहीं हुईं।
守寡以后她没有变得十分消沉。

后置词 से 在这里表示原因，相当于汉语“由于…”。例如：

अच्छी तरह पढ़ने से वह एम.ए.छात्र बन गयी ।

她由于努力学习考上了硕士研究生。

२. उन्होंने अपने बच्चे को पीठ से बांधकर और घोड़े पर चढ़कर साहस के साथ दुश्मन पर हमला किया ।

她把孩子绑在背上，骑上马，勇敢地向敌人冲去。

पीठ से बांधकर 中的 से, 是 बांधना 所要求的。例如：

उसने अपना घोड़ा एक पेड़ से बांध दिया ।

他把马拴在了树上。

३. वे लगातार ग्यारह दिनों तक लड़ती रहीं ।

她连续战斗了十一天。

लड़ती रहीं 是现在分词加 रहना 表示动作的持续。

४. वहां कितनी देर लगेगी ?

在那里要待多久?

लगना 与时间名词连用表示“需要，花费”等意思。例如：

समय कम नहीं लगेगा ।

会占用不少的时间。

यह उपन्यास पढ़ने में चार घंटे लगेंगे ।

需要四个小时才能读完这部小说。

५. मेरे विचार से कम से कम आधा घंटा ।

我想至少需要半个小时。

这句话省略了 लगेगा，全句应为 मेरे विचार से कम से कम आ-

घा घंटा लगेगा।

印地语有些形容词重叠，中间加后置词से，表示加强其程度。例如：

कम से कम	至少	अच्छे से अच्छा	更好
ज़्यादा से ज़्यादा	更多	सुन्दर से सुन्दर	更漂亮

व्याकरण

1. 过去完成时：

动词过去完成时，表示很早以前或在过去某一特定的时间之前完成的动作或状态。

2. 过去完成时的构成形式：

动词过去完成时的构成形式是在动词过去时后加上 था, थे, थी, थीं （加थीं 时应去掉过去时最后一个音节里的鼻音）。

以 देखना 和 आना 为例，列表如下：

动 词	单 数		复 数	
	阳 性	阴 性	阳 性	阴 性
देखना	देखा था	देखी थी	देखे थे	देखी थीं
आना	आया था	आयी थी	आये थे	आयी थीं

3. 过去完成时的用法：

1）表示说话人认为是过去时间较久的动作。例如：

पिछले साल मैं ने उस को देखा था।

去年我曾见过他。

कल रात को सीता और शीला ऊपर सोयी थीं।

昨天晚上悉达和希拉都睡在楼上。

हम ने बहुत पहले यह कहानी पढ़ी थी ।

我们早就读过这篇小说。

2）表示在过去某一事件前完成的动作。例如：

जब हम वहां पहुचे तो दूसरे सहपाठी वहां आ गये थे ।

当我们到达那里时，其他同学都已经来了。

गोपाल के वहां पहुंचने से पहले गाड़ी चली गई थी ।

戈巴尔到那里之前，车已经开走了。

उस ने अपना पाठ नहीं दोहराया था, इसलिये उस की माता को खुशी नहीं हुई ।

他没有温习功课，所以他母亲不高兴。

अध्यापक चांग ने चू इंग से कई बार यह प्रश्न पूछा था, लेकिन उस ने उत्तर नहीं दिया ।

张老师向朱英提问了好几次，但是她都没能回答出来。

3）表示动作完成于过去，其结果现在已不存在。例如：

दिनेश आ गये ?

迪雷希来了吗？

वे आये थे ।

他来过了。（现在已经不在这里。）

कमरे में गर्मी है, तुम ने खिड़कियां क्यों नहीं खोलीं ?

屋里太热，你为什么不开窗户？

मैं ने खिड़कियां खोली थीं ।

我开过窗子了。（现在已经关上了。）

4）用于主句中，后面跟一个用连接词 कि 引导的状语从句，表示过去同时发生的两个事件。例如：

मैं दफ़्तर से निकला ही था कि वर्षा होने लगी ।
我刚从办公室出来，就下起了雨。

एक दिन वह बाहर गया ही था कि उस की पत्नी वापस आयी ।
一天，他刚出去，他的妻子就回来了。

4. 复合动词लेना：

动词 लेना 与及物动词词根连用，构成复合动词，加强主要动词的语气，表示其动作是为自己的或向内的。例如：

राम ने मित्र का पत्र पढ़ लिया ।
拉姆看了朋友的来信。

मैं आज के दो टिकट खरीद लूंगा ।
我将购买两张今天的票。

आप उस की बात सुन लीजिये ।
请您听他说吧!

5. 连接词 ताकि：

连接词ताकि 的意思是“以便…”，“为了…”。引导状语从句，引导的状语从句须用虚拟语气，表示目的。例如：

उसे यहां बुलाओ, ताकि वह अच्छी तरह पढ़े ।
把他叫到这里，以便让他好好学习。

मैं समय से पहले रेलवे स्टेशन पर आया, ताकि मैं आराम से गाड़ी पर चढ़ूं ।
我提前到火车站，为的是上火车时不拥挤。

अभ्यास

1. 语音练习:

१) ग --- वीरांगना संगठित ग्वालियर लोकगीत

२) घ --- घमासान घेरना घोड़ा घुड़सवारी

३) 复合辅音

लक्ष्मीबाई गंगाधरराव युद्ध-विद्या अवस्था कब्ज़ा दुश्मन अंतिम शक्ति

४) 词组

बचपन से ही, अधिक दिनों तक, की अवस्था में, साहस के साथ, कुछ ही दिनों बाद, आज़ादी की लड़ाई, फिर से घेर लेना, दोनों ओर से, घोड़े पर सवार होना, अंतिम युद्ध, जी जान से लड़ना, सारी शक्ति लगाना, वीरता के साथ, आज़ादी के लिए, की याद में, लोगों की ज़बान पर

2. 朗读句子:

१) उन का जन्म सन् १८३५ में हुआ था ।

२) उन का विवाह झांसी के राजा गंगाधरराव के साथ हुआ था ।

३) विधवा होने से वे बहुत निराश नहीं हुई ।

४) इस के बाद अंग्रेज़ी उपनिवेशवादियों ने झांसी पर हमला किया, और उस पर कब्ज़ा कर लिया ।

५) अंग्रेज़ी सेना ने उसे फिर से घेर लिया ।

६) वे अपने बच्चे को पीठ से बांध कर और घोड़े पर चढ़ कर साहस के साथ दुश्मन पर हमला किया ।

७) वे लगातार ग्यारह दिनों तक लड़ती रहीं ।

८) अंग्रेज़ी सेना ने उन का पीछा किया, पर उन्हें पकड़ न सकी ।

९) तेईस वर्ष की उमर में वे वीरता के साथ अपने देश की आज़ादी के लिये शहीद हो गईं ।

१०) ये लोकगीत और कविताएं हमेशा लोगों की ज़बान पर रहते हैं।

3。回答问题：

१) लक्ष्मीबाई कौन थीं ? उन का जन्म कब हुआ था ?

२) उन का विवाह किस के साथ हुआ था ?

३) लक्ष्मीबाई ने कैसी शिक्षा पायी थी ?

४) वे किस अवस्था में राजकाज करने लगीं ?

५) अंग्रेज़ी उपनिवेशवादियों ने झांसी पर कब हमला किया ?

६) भारत में अंग्रेज़ी राज्य के खिलाफ़ आज़ादी की लड़ाई कब शुरू हुई ?

७) जब दोनों ओर से घमासान युद्ध हुआ, तो लक्ष्मीबाई किस तरह लड़ीं ?

८) वे कितने दिन तक लड़ती रहीं ?

९) जब वे हार गईं तो वे कहां चली गईं ?

१०) क्या दुश्मनों ने उन का पीछा किया और उन्हें पकड़ लिया ?

११) कालपी में पहुंचकर लक्ष्मीबाई ने क्या किया ?

१२) क्या उन्होंने फिर युद्ध शुरु किया ?

१३) क्या वह उन का अंतिम युद्ध था ?

